मॉड्यूल 3 वीडियो कक्षा 4: गैरी श्विट्जर के साथ साक्षात्कार

नमस्ते। हमारे पाठ्यक्रम 'महामारी में पत्राकारिताः कोविड-19 को वर्तमान और भविष्य में कवर करना' के वीडियो सेगमेंट में आपका एक बार फिर से स्वागत है। अब हम मॉड्यूल तीन में टीके और उपचारों के बारे में बात कर रहे हैं जिसकी चर्चा हर जगह जोरों पर है। और हमें यह समझाने में मदद करने के लिए, मैं गैरी श्विट्जर से बात करने जा रही हूं, जो प्रकाशन स्वास्थ्य समाचार समीक्षा के प्रकाशक हैं और मिनेसोटा स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में एक सहायक सहयोगी प्रोफेसर हैं। गैरी, हमारे साथ जुड़ने के लिए धन्यवाद।

मैं आपके साथ रहकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं समझती हूं कि आपको यह बताया गया है कि हमारे इस पाठ्यक्रम में इस समय 7000 से अधिक छात्र हैं, वास्तव में छिहत्तर हजार से अधिक, और 150 से अधिक देशों में इसका प्रसारण होने तक यह और भी अधिक हो सकता है। इनमें से ज्यादातर शायद स्वास्थ्य समाचार समीक्षा से परिचित नहीं हैं। क्या आप हमें इस परियोजना के बारे में थोड़ा बताते हुए अपनी बात शुरू कर सकते हैं कि आपने इसे क्यों स्थापित किया है?

सात हजार। मुझे याद है कि जब मैंने मिनेसोटा विश्वविद्यालय में मीडिया नैतिकता की कक्षा में पढ़ाया था तो मैं 150 छात्रों के दाखिला लेने पर रोमांचित हो गया था। अब मुझे इस मंच से थोड़ी घबराहट हो रही है, लेकिन मुझे वास्तव में हेल्थ न्यूज रिव्यू डॉटआर्ग में हमारे 14 साल के काम को साझा करने में बेहद खुशी हो रही है। मैंने इसकी शुरुआत इसलिए की, क्योंकि मैंने 47 साल के स्वास्थ्य देखभाल पत्रकारिता में अपने करियर में से 33 साल तक जो कुछ देखा, मैं उससे हताश हो गया था।

जब मैंने स्वास्थ्य समाचार समीक्षा की स्थापना की, तो हमारा ध्यान स्वास्थ्य देखभाल कार्यकलापों पर मीडिया के संदेशों पर था, जो मौजूदा विषय के अनुरूप था। उपचार, परीक्षण, उत्पाद और प्रक्रियाएं वह मूल कार्य हैं, जो वास्तव में हमें कुछ वैधता प्रदान करती हैं, एक दिन था जब स्वास्थ्य देखभाल पत्रकारिता की गुणवत्ता के बारे में मूल टिप्पणियां व्यक्ति से संबंधित नहीं हुआ करती थीं। व्यवस्थित समीक्षा में हमारा मुख्य कार्य यह था कि हम जब भी कोई पात्रा कहानी देखते थे जिसमें हस्तक्षेप के बारे में दावा किया जाता था, तो हम उसे समाचार में प्रकाशित किए जाने से पहले 10 मानकों की कसौटी पर कसते थे और इसके बाद जनसंपर्क समाचार जारी किया जाता था।

मुझे पता है कि मेरीन आपको लिंक या पठन सामग्री प्रदान करेंगी जो आपको उन 10 मानदंडों को अधिक विस्तार से दिखाएंगी। लेकिन आखिर में, हमने 2018 के अंत में अपनी वास्तविक उदार निधि खो दी। इसलिए मेरे पास उन व्यवस्थित समीक्षाओं की समीक्षा करने वाली टीम को भुगतान करने के लिए कोई आमदनी नहीं थी, लेकिन हमने बत्तीस सौ से अधिक समाचार लेखों और जन संपर्क विज्ञप्तियों की समीक्षा की। यह केवल एक मामूली झलक भर है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि इन 10 मानदंडों का इतना महत्व होगा। आप इनमें से पाँच मानदंडों के बारे में जानेंगे जो मुझे लगता है कि स्पष्ट रूप से सबसे महत्वपूर्ण थे। शायद यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि ये वही मानदंड हैं जिसके लिए समाचार और जन संपर्क समाचार विज्ञप्तियों दोनों को सबसे खराब ग्रेड मिले। इसलिए पात्राता मानदंड को याद रखें, इसे किसी हस्तक्षेप के बारे में दावा करना था। हमें लगता है कि आपको उस समीकरण में कहीं न कहीं लागत के बारे में बात करनी चाहिए, क्योंकि चाहे वह जेब से खर्च हो या सरकार या किसी और से, यह लागत ही है जिसके बारे में हम सभी सोचते हैं और हस्तक्षेप करते हैं।

छब्बीस सौ समाचार लेख, और तीन स्वतंत्र समीक्षकों की नजर में उनमें से केवल 31 प्रतिशत को लागत की दृष्टि से संतोषजनक ग्रेड मिला। जब हमने जन संपर्क समाचार विज्ञप्ति को देखा तो इसे एकल अंक प्रतिशत में 7.7 का संतोषजनक ग्रेड मिला था? हालांकि मेरे दिमाग में शायद सबसे महत्वपूर्ण अनुमान यह था कि संभावित लाभ कितने बड़े या प्रायः कितने छोटे थे। फिर, छब्बीस सौ समाचारों में केवल 34 प्रतिशत को ही संतोषजनक ग्रेड मिला था। इन सभी मानकों पर यदि अलग-अलग विचार किया जाए, तो जनसंपर्क समाचार विज्ञप्तियों का प्रदर्शन सबसे खराब था। इसलिए मैं आपको उनका ग्रेड देने वाला नहीं हूं।

ठीक है। हमने लागत और लाभ को कवर किया। अक्सर देखे जाने वाले संभावित नुकसान की दृष्टि से कहानियों का प्रदर्शन कैसा रहा? कितना कम? इससे भी महत्वपूर्ण बात, आप सोच रहे होंगे कि कितना बड़ा? केवल 37 प्रतिशत को संतोषजनक ग्रेड मिला। उन कहानियों में से कितने ने सबूतों की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया, या क्या उन्होंने पहले चरण के दवा परीक्षण को ठोस बनाया जैसे कि यह तीन साल में 30000 व्यक्तियों पर अनियमित रूप से किए गए नैदानिक परीक्षण के समान था? उन सभी कहानियों में से केवल 38 प्रतिशत को संतोषजनक ग्रेड मिला। अंत में, मैं समझता हूं कि पत्रकारिता, समाचार और जनसंपर्क समाचार विज्ञप्ति में, हम नए मानदंडों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। लेकिन हमने

नए मानदंडों को मौजूदा विकल्पों में शामिल कर दिया है, जब आप इसकी परिभाषा के बारे में सोचते हैं, तो आपके पास अधिक लंबा, अधिक सुरक्षित रिकॉर्ड होता है। हालांकि आधी से कम कहानियों को 46 प्रतिशत संतोषजनक ग्रेड मिला।

जब आप इसे जोड़ते हैं, तो पहले चार ग्रेड में से अधिकांश यानी 60 प्रतिशत असंतोषजनक थे। यह सिर्फ इसकी एक तस्वीर है, जो बिना सूचना के, आवश्यक उपभोक्ता समाचार, उपभोक्ता और स्वास्थ्य देखभाल उपभोक्ता आबादी के लिए आवश्यक जानकारी की कमी को दर्शाती है जो साक्ष्य के आधार पर, सटीक, संतुलित, पूर्ण जानकारी चाहती है ताकि उन्हें निर्णय लेने में मदद मिल सके और हमारे रिपोर्ट कार्ड दर्शाते हैं कि कई प्रमुख संगठनों से हमें कई दिनों तक वह नहीं मिल रहा है जिसकी हमें आवश्यकता है।

इसलिए इस एक महीने में, इस पाठ्यक्रम के इस मॉडल में हम नोवल कोरोनावायरस यानी कोविड-19 के लिए उपचार और टीके प्राप्त करने के बारे में बात करने जा रहे हैं। आप क्या सोचते हैं कि पत्रकारों को इन कहानियों को कवर करने की कोशिश करते समय किन बातों का सामना करना पड़ेगा? क्या आप अपने मानदंडों को उन विषयों के लिए अच्छी और बुरी कहानियों के रूप में लागू कर सकते हैं जिन्हें वे कवर करने जा रहे हैं?

जरूर। क्योंकि उन नंबरों के पीछे, अस्पष्ट और बेहद सूक्ष्म अंतर ही है जो लापता है। इसलिए मैं आज की खबर से एक उदाहरण देने जा रहा हूं। यह वास्तव में स्टेट न्यूज पर हेलेन ब्रान्सवेल द्वारा लिखा गया बहुत अच्छा लेख है, जो बोस्टन ग्लोब मीडिया कंपनी के अधीन है। उनके पास एक बहुत अच्छी खबर है जिसका शीर्षक है कोविड-19 टीकों पर वादों के बढ़ते दबाव ने झूठी उम्मीदों को हवा दी। तो स्पष्ट है, हम जानते हैं कि इसमें हमें क्या जानकारी मिलने वाली है। लेख में आगे यह कहा गया है कि वैज्ञानिक जिस गति से टीका बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, वह अभूतपूर्व हो सकता है, लेकिन इन प्रयासों में अभी भी महीनों या उससे भी अधिक समय लग सकता है जब आम अमेरिकियों को इसका लाभ मिल पाएगा। यह महत्वपूर्ण है कि आप इस तरह की कहानियों में साक्षात्कार के लिए किसे चुनते हैं।

यह हमारी कहानी की समीक्षा मानदंडों में से एक है। क्या आपके पास कोई स्वतंत्र स्रोत हैं? क्या आपने स्रोत में हितों का टकराव देखा है? खैर, उन्होंने मिनेसोटा विश्वविद्यालय में डॉ. माइकल ओस्टरहोम की ओर रुख किया, जैसा कि कई प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल पत्रकार करते हैं। उन्हें कहानी में यह कहते हुए उद्धृत किया गया था, मुझे नहीं लगता कि हम जनता को पूरी बात बता रहे हैं और मैं लोगों को यह बताना चाहता हूं कि यदि हम सितंबर तक सुरक्षा के कुछ सबूत दर्शाने वाली किसी वैक्सीन का विकास कर भी लेते हैं, तो भी यह लोगों की पहुंच से बहुत दूर होगी।

इसलिए, भले ही आप सतह पर कोई अच्छा काम करते हैं जो प्रकाशित या जारी होता है, तो भी साक्ष्य की गुणवत्ता का मूल्यांकन करते हुए यह पता लगाना कि यह सबूत कितना ठोस है, आपको इसे इस संदर्भ में देखना होगा कि यह कब उपलब्ध होगा? यह हमारे मानदंडों में से एक था जिसे मेरे विचार में शीर्ष पांच मापदंडों में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन हमने इसे हर एक दिन लागू किया था। अब यह महान विचार कितना कारगर है जिसके बारे में लोग बात कर रहे हैं?

हेल्थ न्यूज रिव्यू डॉट आर्ग पर डेटा एकत्र करने के हमारे 14 वर्षों में, हमने समाचार लेखों के एक स्पष्ट और सुसंगत पैटर्न को दिखाया, जिसने नुकसान को न्यूनतम या पूरी तरह अनदेखा करते हुए फायदों को बढ़ा-चढ़ाकर बताया या उन पर जोर दिया। तो मैं समझ गया। हम सभी प्रगति पर रिपोर्ट करना चाहते हैं। हम केवल अच्छी खबरें ही चाहते हैं। हमारे संपादक विफलताओं के बारे में नहीं सुनना चाहते। वे सफलताओं के बारे में सुनना चाहते हैं। जैसे पत्रिकाओं की अक्सर नकारात्मक निष्कर्षों को न बताने के लिए आलोचना की जाती है और अपने इंडेक्स फैक्टर, अपनी लोकप्रियता को बेहतर बनाने के लिए सकारात्मकता पर जोर दिया जाता है। लेकिन विज्ञान केवल सफलताओं पर रिपोर्टिंग करने और विफलताओं को न बताने पर काम नहीं करता।

मेरीन जिस दुनिया में आप और मैं पले-बढ़े, हम 24 घंटे समाचार चक्र के बारे में बात करते थे। अब यह 24 सेकंड का समाचार चक्र हो गया है। यह विज्ञान की धीमी गति के साथ बहुत अच्छे से पेश नहीं आता है। इससे क्या होता है। आप और हेलेन ब्रान्सवेल जैसे पत्रकारों और वास्तव में कुछ अच्छे लोगों को क्या मिलता है। आप तनावग्रस्त हैं, आपको कम पैसा दिया जाता है, आप समय से अधिक काम करते हैं, इस उद्योग में कठिन आर्थिक समय में आपको कितने लेख लिखने हैं, इसके लिए आपका

दैनिक कोटा तय किया जाता है। आपका मूल्यांकन इस बात से किया जा रहा है कि आपके ऑनलाइन लेखों पर कितने लोग क्लिक करते हैं, न कि इससे कि आपने कितनी सही या सटीक रिपोर्टिंग की है।

लेकिन आप अपनी खबर बेहद विद्धान, विश्वसनीय वैज्ञानिक और दवा या बायोटेक कंपनियों से प्राप्त करते हैं जो अपने शेयरधारकों से बेहद प्रेरित होते हैं और जिनके प्रोत्साहन से सभी अपने विचारों को सबसे सकारात्मक रूप में पेश करते हैं। फिर हमारे पास बेहद प्रेरित राजनेता हैं जो चाहते हैं कि वे फिर से चुने जाएं और शर्मिंदगी महसूस न करें। इसलिए वे विज्ञान पर टिप्पणी कर रहे हैं कि वैज्ञानिक लोग नहीं समझते और वे उस प्रगति का अनुमान लगा रहे हैं जो वास्तविक नहीं है। इस माहौल में, सच्चाई, डेटा, तथ्यों, सबूतों का पता लगाना बहुत मुश्किल है। लेकिन आपको जो याद रखना है वह यह कि सबूतों का हमेशा महत्व होता है। पत्रकारिता को यह प्रतिबिंबित करना चाहिए। पत्रकारों को पुराने तरीकों का गुलाम नहीं होना चाहिए, 'मेरे पास दोनों पक्ष हैं। लेकिन मैं पहले इस पक्ष की और फिर दूसरे पक्ष पर रिपोर्ट करूंगा।'

इस परिवेश में, इस विषय पर पत्रकारों को यह देखना होगा कि सबूत में कितना दम है। यह शायद ही कभी बराबर होगा। लेख को उस आधार पर लिखा जाना चाहिए जिस ओर सबूत इशारा करते हैं। क्या आपको इसके लिए मदद चाहिए। यदि आप एक प्रमुख महानगरीय क्षेत्र में रहते हैं और इन दिनों आप ऑनलाइन किसी जीवविज्ञानी, महामारी विज्ञानी, पद्धतिविज्ञानी को खोज सकते हैं। मुझे माफ करें। मैं उप-विशेषज्ञों को तो भूल ही गया। उन लोगों का पता लगाएं जो सबूतों का मूल्यांकन करने में आपकी मदद कर सकते हैं। यहां क्या दांव पर लगा है? केवल विज्ञान पर भरोसा और पत्रकारिता पर भरोसा। मुझे लगता है कि इन मूल्यों को बचाए रखा जाना चाहिए।

गैरी, मैं आपकी कही हर बात को स्वीकार करती हूं। बेशक। फिर भी, इस पाठ्यक्रम में बहुत सारे पत्रकार ऐसे लोग हैं जिन्होंने पहले कभी स्वास्थ्य या विज्ञान या साक्ष्य आधरित चिकित्सा को कवर नहीं किया है। उन्हें मार्गदर्शन की बहुत आवश्यकता है। इसलिए मैं उम्मीद कर रही हूं कि हम अनिवार्य रूप से पिछले कुछ महीनों में हुई घटनाओं के उदाहरण ले सकते हैं और उन्हें दिखा सकते हैं, मैंने उन कहानियों को कवर किया है जहां चीजें कारगर हुई हैं और जहां नहीं हुई हैं। तो आइए, हाइड्राक्सिल क्लोरोक्विन के बारे में बात करके शुरुआत करते हैं।

मलेरिया की इस पुरानी दवा की सबसे पहले फ्रांस के एक चिकित्सक ने इस्तेमाल करने की सलाह दी, फिर संयुक्त राज्य अमेरिका के व्हाइट हाउस द्वारा इसका इलाज के रूप में प्रचार किया गया। इसकी कवरेज के बारे में आपके क्या विचार हैं?

हाँ। मलेरिया दवा का 70 साल तक इस्तेमाल किया गया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह इस वायरस के लिए असरकारक होगा। फ्रांस में हुए अध्ययन पर यह पेपर मार्च के अंत में एक पत्रिका में प्रकाशित किया गया था जिसमें मुझे लगता है कि इस दवा को परीक्षण के तौर पर 20 संक्रमित रोगियों को दिया गया था। दो सप्ताह के परीक्षण के बाद बीस मरीज। एक रेड फ्लैग, दो रेड फ्लैग, छोटा सा नमूना समूह, छोटी जांच अवधि के बाद। अध्ययन में निष्कर्ष निकाला गया कि यह दवा है और इसे लें, यह लेखक के अपने विचार थे कि इससे वायरल में कमी आएगी या यह समाप्त हो जाएगा।

इस तरह के अध्ययन में, किसी भी शोध अध्ययन में, जब आप सुनते हैं कि लेखक भी इससे जुड़े हुए हैं, तो इसका मतलब है कि वे अनौपचारिक बयान नहीं दे सकते हैं, बेहतर होगा वे न दें। यदि पत्रिका द्वारा सहकर्मी की समीक्षा की जाती है, और यदि ऐसे मामले में अनौपचारिक बयान बयान दिए गए हैं तो इसे हटा दिया जाना चाहिए। यहां तक कि यदि बहुत से लोगों की आंख में यह अध्ययन खटक रहा है, तो इन लेखकों ने यह कहते हुए अपने दांव का बचाव किया कि, ठीक है, वास्तव में, विशेषज्ञ सामने आए और उन्होंने डिजाइन और कार्यप्रणाली दोनों की खामियों की ओर इशारा किया। फिर यहां तक कि जिस वैज्ञानिक संगठन ने अध्ययन को अपने जर्नल में प्रकाशित किया था, ने बाद में कहा कि उनके बोर्ड का मानना है कि यह लेख समाज के अपेक्षित मानकों की कसौटी पर खरा नहीं उतरता है। क्या आपको इससे बड़ी खतरे की घंटी मिल सकती है?

लेकिन कुछ पत्रकारों और मुझे पता है कि हमारे पास बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय दर्शक हैं, आपने हमारे अमेरिकी टेलीविजन नेटवर्क के बारे में सुना होगा जिसे फॉक्स न्यूज नेटवर्क कहा जाता है, जिसने एक माह लंबा अभियान चलाया जिसमें कम से कम आठ अलग-अलग प्रमुख व्यक्तियों ने इस दवा का प्रचार किया, जब तक कि इसके बारे में संदेह उभरकर सामने नहीं आया। खैर, यह नेटवर्क हमारे राष्ट्रपति ट्रम्प का पसंदीदा नेटवर्क है, जिन्होंने कहा कि यह दवा, चिकित्सा के इतिहास में निर्णायक साबित हो

सकती है। उन्होंने एक मरते हुए व्यक्ति का एक किस्सा बताया जो दवा लेने के बाद अचानक भला-चंगा हो गया था।

एक और बार उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आम जनता इस दवा का उपयोग करेगी, क्योंकि मैं आपको बताऊंगा कि क्या। आपके पास खोने के लिए क्या है? कुछ मामलों में, आप खराब स्थिति में हैं। आपके पास खोने के लिए क्या है? कई लोगों को उनकी यह बात अटपटी लगी। कोशिश करके देखो। आपको अच्छी लगेगी। यह ऐसा था जैसे वह कोई पुरानी कार के विक्रेता हों। खैर, इस मामले में अच्छी बात यह रही कि अंत में विज्ञान जीता क्योंकि इसके कारगर होने का कोई सबूत नहीं मिला। और वैज्ञानिकों का यही कहना था। सबूतों से पता चला कि नुकसान हुआ है। लेकिन पत्रकार, जिन्होंने केवल 20 व्यक्तियों पर किए गए दो सप्ताह के फ्रेंच अध्ययन के आधार पर रिपोर्ट किया था, को इस पर शर्मिंदा होना चाहिए। इस दवा के बारे में बिना कोई सवाल किए इसे ज्यों का त्यों छापने वाले पत्रकारों, दवा को बढ़ावा देने वाले प्रमुख राजनेताओं को भी शर्मिंदा होना चाहिए। तो यह हमारे लिए सीखने के लिए एक बेहतरीन मामला है। मुझे आशा है कि हम इसे ध्यान में रखेंगे।

आइए, अब दूसरे मामले की बात करते हैं। पिछले कुछ हफ़्तों में, कोविड-19 बीमारी के लिए इसी तरह के एक और संभावित इलाज का प्रचार किया गया है, जो कि गिलीड ड्रग रेमेडिसविर है। यह मेरे लिए भी उतना ही दिलचस्प है क्योंकि अमेरिका में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की ओर से परिणाम घोषित होने वाले थे। कंपनी ने कुछ पत्रकारों की मदद से नतीजों के बारे में कहा, कि हमें लगता है कि यह सकारात्मक होने जा रहे हैं, लेकिन उसका कोई डेटा नहीं दिया। उन्होंने इसकी घोषणा शेयर बाजार के खुलने से ठीक पहले की। उस सुबह उनका स्टॉक काफी अच्छा रहा, जबकि पिछले सप्ताह इतना अच्छा नहीं था। फिर डॉ. एंथोनी फौसी सामने आए और उन्होंने परिणामों के बारे में बात की। और उत्साह को देखते हुए परिणाम उतने आश्चर्यजनक नहीं थे जितना आपने सोचा था। क्या आप इस बारे में बात कर सकते हैं?

हाँ। यह केवल प्रचार है। बस अपने विचारों को प्रचार के लिए संक्षेप में कह दें। मैं डॉ. फौसी के इसमें शामिल होने की बात उठा रहा हूं, क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति से 10फीट से भी कम दूरी पर एक सोफे पर बैठकर जिन परिणामों की गुलाबी तस्वीर बयान की थी, आपको नहीं पता होगा, वे उतने अच्छे नहीं थे।

उन्होंने उसे काफी अच्छी खबर बताया और दवा को देखभाल का नया मानक बताया। मुझे वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने दें। डॉ. एंथोनी फौसी के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। मैंने उनके काम को देखा है, जैसा कि आपने 35 वर्षों से देखा है। लेकिन क्या यह तरीका सही है? जनता को पहली बार किन्हीं आंकड़ों पर चर्चा सुननी है। और इनमें से अधिकतर बिना कोई तैयारी किए हुए। उनके हाथ में एक छोटा सा नोट कार्ड था जिसे वे राष्ट्रपति के बगल में सोफे पर बैठकर पढ़ रहे थे और राष्ट्रपति उनसे वह सुनने का इंतजार कर रहे थे जो वे फौसी से सुनना चाहते थे।

रेमेडिसविर के इस शुरुआती अध्ययन के परिणामों की जिस तरह से घोषणा की गई, यह बिल्कुल भी वैज्ञानिक परिणामों को जनता को कैसे रिपोर्ट किया जाना चाहिए, का तरीका नहीं है। उन्होंने उन परिणामों की प्रशंसा की, जो उनके स्वयं की फेडरल एजेंसी द्वारा प्रायोजित एक अध्ययन से थे। परिणाम जो प्रकाशित नहीं हुए थे और फिर लगभग एक ही सांस में चीनी अध्ययन, जो लैंसेट में प्रकाशित हुआ था, की आलोचना की गई कि उसका कोई फायदा नहीं दिखा, यह कोई आपके पड़ोस में छपने वाला कोई सस्ता अखबार नहीं है। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित पत्रिका है।

मेरे लिए, व्हाइट हाउस को सलाह देने वाली प्रमुख फेडरल एजेंसी के वैज्ञानिक का आना और प्रमुख वैज्ञानिक द्वारा रोज़ाना जनता को संदेश देना दोहरे मानक अपनाने जैसा है। क्या मालूम वे किस दबाव में थे। लेकिन यह गलत था। इससे भी बदतर यह हुआ कि उन्होंने उस दिन यह नहीं कहा। उद्यमी वैज्ञानिकों और पत्रकारों ने पाया कि अध्ययन के अंतिम क्षणों में, अध्ययन की अंतिम सीमा, अध्ययन का लक्ष्य, प्राथमिक समापन बिंदु को केवल दो सप्ताह पहले बदल दिया गया था। इसलिए जब उन्होंने कहा कि अध्ययन ने अपने प्राथमिक लक्ष्य, जो मूल रूप से सुधार का समय था, को पूरा कर लिया है, वह सही था। यह पल भर में सही नहीं होता। अभी दो हफ्ते पहले।

अब, समापन बिंदु को बदलने के वैध कारण हो सकते हैं। अब इसे समझाने की कोशिश करते हुए हर तरह से पीछे हटा जा रहा है। लेकिन इस बात की परवाह किए बिना कि यह समापन बिंदु को बदलने का कोई वैध कारण था या नहीं, यह तथ्य कि इसे केवल दो सप्ताह पहले बदला गया था, व्हाइट हाउस में सोफे पर उस दिन इसका खुलासा नहीं किया गया था, क्योंकि अप्रकाशित परिणामों का प्रचार किया जा रहा था। मेरीन, मुझे आपको बड़े दुखी मन से और सभी पत्रकारों की अंतरात्मा की आवाज पर यह

बताना पड़ रहा है कि यह दवा कंपनी गिलियड और फौसी की खुद की फेडरल एजेंसी द्वारा दिया गया बयान था जिसने इस परीक्षण को प्रायोजित किया था। मेरे लिए विज्ञान संचार के लिए यह एक काला दिन था। वह दिन और इस घटना को शोध संचार पर एक बेहतरीन केस स्टडी बन जाना चाहिए।

यह होता रहेगा क्योंकि कोविड-19 के प्रभाव को कम करने और वैक्सीन के आने और इसे रोकने के लिए उपचार की बहुत आवश्यकता है। जिस देश की भी कंपनियां इस उपलब्धि को हासिल करेंगी यह उनके लिए प्रतिष्ठा और भाग्य दोनों लाएगा। तो पत्रकार को इससे कैसे निपटना चाहिए, जबकि परिणामों को बेहतर दिखलाने के लिए हमारे ऊपर प्रचार का दबाव हो जो डेटा से निकलने वाले परिणाम से परे हों? आपकी सलाह क्या है कि लोग अपने संशय को कैसे बनाए रख सकते हैं और फिर भी अपने संपादकों को समझा सकते हैं कि उन्हें वास्तव में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए?

सात हजार दर्शकों के साथ, हमारे पास अनेक प्रकार के अनुभव हैं और इसमें शायद कुछ लोग ऐसे भी हैं जिन्हें बिना किसी प्रशिक्षण के इस काम की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। इसलिए कभी-कभी सबसे सरल, व्यापक सलाह सबसे अच्छी होती है, और यहीं से मैं शुरुआत करने जा रहा हूं। तो पत्रकारों के लिए यह पुरानी सलाह है। यदि आपकी माँ आपसे कहती है कि वह आपसे प्यार करती है, तो दूसरों की राय भी लें। स्वास्थ्य, चिकित्सा विज्ञान विषयों को कवर करते समय इस भाषण पर आपके पास दूसरी राय और स्वतंत्र दृष्टिकोण होना चाहिए।

संयोग से, हमारे पास सौ से अधिक विशेषज्ञों की एक सूची है जो हमारी वेबसाइट परियोजना और अन्यों के साथ जुड़े हुए हैं। जीन लिन लाइनर, अनुभवी खोजी पत्रकार, और लोन इंस्टीट्यूट के शैनन ब्राउनली। और जॉर्जटाउन में एड्रियान फुग बर्मन। मैंने यह सूची बनाई है और इसे बनाना जारी रखे हुए हूं। हम इस सूची को जानकारी के साथ लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध करा सकते हैं। कोई भी विशेषज्ञ होने का दावा कर सकता है। लेकिन इन विषयों पर, खासकर यदि आप इन विषयों में नए हैं, तो आपको यह जानना होगा कि स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान में हर कोने में परस्पर हितों का टकराव है। आपको परिदृश्य पता होना चाहिए। मैं कोई भय नहीं फैला रहा हूँ। मैं यहां बूगीमैन पहलवान की तस्वीर पेश नहीं कर रहा हूं।

यह वास्तविक है और हितों का टकराव विभिन्न रूपों में होता है। मुझे नहीं पता कि किसी के साथ हितों का टकराव सबसे बदतर वित्तीय नुकसान है, किसी को कुछ चीजें कहने या बौद्धिक हितों के टकराव के

लिए पैसे मिल रहे हैं, जैसा बहुत से कपटी लोग सोचते हैं। यह मेरा प्रशिक्षण है। मैंने खुद को इसके लिए समर्पित कर दिया है। मैंने जीवन भर यही अध्ययन किया है। मुझे इस पर विश्वास है। भगवान की कसम। यह रास्ता बन गया है। और मैं किसी भी चीज को अनदेखा कर रहा हूं। यह बौद्धिक हितों के टकराव को देखने का सबसे आसान तरीका है। लेकिन यदि आप सुन रहे हैं और अगर आपका एंटीना बंद हो जाता है, जब आप ऐसी चीजें सुनते हैं जो सच होने के लिए बहुत अच्छी लगती हैं, तो मुझे लगता है कि आप इन सुरागों को चुनना शुरू कर देंगे।

पत्रकारों को दुष्प्रचार और प्रचार से जूझना पड़ता है। आप में से कुछ के लिए यह चैबिस घंटे हो सकता है। यदि मेरी बात है तो, मेरे लिए यह 14 साल से रहा है। मैंने हमेशा सोचा है कि समाचार संगठन और शायद आप अपने कुछ समाचार संगठनों को ऐसा करने के लिए कह सकते हैं जिनके पास एक नियमित स्वास्थ्य देखभाल या स्वास्थ्य अनुसंधान सुविधा होगी, लेकिन जो प्राइमटाइम स्वास्थ्य देखभाल समाचार के लिए तैयार नहीं होंगे। तो आप इसे बेच सकते हैं। आप यह कह सकते हैं कि आप हमारी होड़ से क्या सुनने वाले हैं। हम आपको इसके बारे में कुछ बताने जा रहे हैं। लेकिन हम आपको यह संक्षेप में बताएंगे। हम आपको नीचा दिखाने जा रहे हैं। हम आपको डेटा देने जा रहे हैं।

मुझे लगता है कि इसके लिए एक बड़ी भूमिका है। इसलिए जब आप बुरी सूचना, दुष्प्रचार, प्रचार और बहलाना देखते हैं, तो आप जानते हैं, अन्य लोग इसे देख रहे हैं। इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप इससे ऊपर उठें और इसका भंडाफोड़ कर दें।

अंत में मैं आपसे पूछना चाहती हूं। स्वास्थ्य समाचार समीक्षा 14 सालों से चल रही है। मुझे लगता है कि आपने कहा था कि आपका पूरा करियर 47 साल का हो चुका है। आप इस कहानी, कोविड कहानी और इसके दवा वैक्सीन उपचार भाग को कैसे प्रतिबिंबित करेंगे, जो इस लंबे करियर को देखते हुए आपके विचार में कैसा है? इनसे कितनी नई चुनौतियां उभरने जा रही हैं? कितनी चीजें हैं जिनके लिए सभी सबक पहले से मौजूद हैं? यह कैसा दिखता है?

जो बात पूरी तरह से स्पष्ट है, वह यह है कि हम जैसे लोग जो इतने लंबे समय से इस पर रिपोर्टिंग कर रहे हैं, उन्होंने कभी भी इस तरह की अनिश्चितता का अनुभव नहीं किया है, मैं किसी अज्ञात नए खतरे पर विश्वास नहीं करता, हालांकि यह आपका क्षेत्र है, मेरीन, लेकिन इस तरह का कोई नहीं है।

एचआईवी एड्स के बाद से, जब मैं 80 के दशक में सीएनएन में था और समाचार की गति अद्वितीय थी। मुझे याद है, मैंने इसे एक घूमने वाला रोलर कोस्टर कहा था। मुझे लगता है कि यह अभूतपूर्व है, आंशिक रूप से बेहतर विज्ञान के कारण। मुझे लगता है कि हमें यह स्वीकार करना होगा कि शायद यह हमें बेहतर वैक्सीन बनाने में मदद करेगा।

लेकिन आपने पहले ही उस बारे में मेरी चेतावनी सुन ली है। आंशिक रूप से, हालांकि, यह इसलिए है क्योंकि हमारे पास काफी मीडिया और व्यापक मीडिया प्रारूप हैं और यह जरूरी नहीं कि सभी पत्रकारिता में सुधार हो। तो ये कुछ तत्व हैं जो खास हैं। इससे भी अधिक, हमने इसमें पुरानी बातों पर ही ध्यान दिया है। थोड़ी और जानकारी मिलने पर यह एक बार फिर से विज्ञान के साथ राजनीति के टकराव का दुर्भाग्यपूर्ण, बदसूरत, बेवजह हस्तक्षेप और प्रभाव साबित होगी। तो यह फिर से, 80 का दशक। एचआईवी एड्स, उस समय के अमेरिकी राष्ट्रपति, रोनाल्ड रीगन लंबे समय तक एचआईवी या एड्स शब्द कहने के लिए खुद को तैयार नहीं कर पाए थे।

तेजी से आगे बढें तो डोनाल्ड ट्रम्प आज भी इस खतरे को स्वीकार नहीं करना चाहते थे। फिर जब उन्होंने सबसे पहले इसे स्वीकार किया, तो उन्होंने कहा कि यह नियंत्रण में है। इसके बाद से, वे जो भी मन में आता है, कह रहे हैं और इसमें एक नुकसान है। कोविड कहानियों के लिए राजनीतिक दृष्टि से हम कुछ ऐसी ही राजनीतिक बाते देखते हैं जो हम वर्षों से देखते आए हैं, जब समाचार कहानियां राजनीति पर जोर देना शुरू करती हैं, तो वे उसी ध्रुवीकरण का निर्माण करती हैं जो हम राजनीति में देखते हैं। इसलिए उनकी व्यक्तिगत राजनीति महामारी के बारे में उनकी सोच के साथ चलती है। यह इस बात का अवसर देता है कि इसे जनता की नजर में राजनीतिक मुद्दा बना दिया जाए। अब हम अमेरिका में वह सब कुछ कर रहे हैं जो हमने अभी कहा है।

अब, व्हाइट हाउस कोरोना वायरस टास्क फोर्स के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि पिछले 24 घंटों में हुई घोषणाओं में यह कहा गया है कि हमारे देश में जबरदस्त प्रगति को देखते हुए इसे चरणबद्ध तरीके से हटाया जा रहा है।

इसका क्या मतलब है कि अब हम वैज्ञानिकों से कम बल्कि राजनेताओं से अधिक सुनेंगे। फिर, बेशक, हमारे पास ट्रम्प जैसे राजनेताओं की समस्या है। लेकिन यह आपमें से कई देशों में भी होता है जब झूठी खबरों के बारे में कुछ भी दावा किया जाता है, जिसे वे पसंद नहीं करते हैं और जनता की नजर में

मीडिया पर आशंका जाहिर करते हैं। खैर, यह विज्ञान और पत्रकारिता की अखंडता को दर्शाता है और इस क्षेत्र की प्रामाणिकता को दिखाता है कि हममें से कितने लोग चिकित्सा और मीडिया या विज्ञान और मीडिया के प्रति चिंतित हैं।

हमें उस अखंडता को बचाने की परवाह करनी है। क्या नया नहीं है, लेकिन जो सुकून देने वाला है, वर्षों से मैंने देखा है कि जब पत्रकारिता को विषयों की जटिलता और कठिन आर्थिक स्थिति के कारण हाशिए पर धकेला जाता है, तो इसे बचाने के लिए शक्तिशाली लोग पहल करते हैं। उन्होंने ऐसा पहले भी किया है और वे अधिकांश कहानियों के साथ ऐसा फिर से कर रहे हैं। मैं आपको यह नहीं बता सकता कि द न्यूयार्क टाइम्स, द वाशिंगटन पोस्ट, अटलांटिक फाउंडेशन जैसी पत्रिका, प्रोपोब्ला और कैसर हेल्थ न्यूज जैसी वित्त पोषित परियोजनाओं में मैंने जो चीजें देखीं, उनसे मैं कितना प्रभावित हुआ हूं। यदि आप पत्रकारिता के मुद्दों की परवाह करते हैं, तो यह केवल सीमित लोगों के लिए ही नहीं है। आप में से कोई भी इसे देख सकता है। कोलंबिया जर्नलिज्म रिव्यू महामारी में पत्रकारिता पर कुछ बेहतरीन काम कर रहा है। इसलिए यह सुकून देने वाला है। क्या नया नहीं है और सुकून देने वाला नहीं है? जो मैंने अभी आपको वर्णित किया है, वे उत्कृष्टता के शिखर हैं, लेकिन उत्कृष्टता के इन शिखरों के बीच की घाटियाँ बड़ी और गहरी होती जा रही हैं। मैं इसे मलबे का ढेर कहता हूं। जो नुकसान कई समाचार संगठनों द्वारा पहुंचाया गया है, वह मलबे के गटर में रहने जैसा है, मुझे डर है कि यह जनता को भ्रमित करता है, जनता की सोच, समितियों का प्रतिरोध करता है, भय फैलाता है जो यह बात मुझे फिर से तकलीफ देती है। यह अब पहले से भी बदतर है।

खैर, आपके मार्गदर्शन और आपकी समझ के लिए धन्यवाद। मैं आशा करती हूं कि हमारे छात्र कोविड को कवर करते हुए शिखर पर रहेंगे और घाटियों की तलहटी में नहीं। इसलिए गैरी श्विट्जर, प्रकाशक और हेल्थ न्यूज रिव्यू के संस्थापक, हमारे छात्रों के साथ अपने ज्ञान को साझा करने और हमारे पाठ्यक्रम में शामिल होने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं इसकी सराहना करती हूं।

खैर, यह अद्भुत है कि आप ऐसा कर रही हैं। इसे बनाए रखें।